नए पंचायत भवनों के लिए 60 लाख जारी

नादौन में एचआरटीसी के उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ने किया खुलासा

बनोह गांव में नवगठित महिला मंडल के साथ एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री।

हिमाचल दस्तक। नादौन

विकास खंड नादौन में नए पंचायत सामुदायिक केंद्र भवनों के निर्माण, मुरम्मत और रखरखाव हेतु सरकार ने 60 लाख की राशि जारी कर दी है। कार्य तेजी से पूरे करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ने बताया कि मैड़ में नए पंचायत परिसर के निर्माण हेतु 29 लाख 55 हजार स्वीकृत किए हैं, जबकि कोहला में ग्राम सभा बैठक कक्ष के निर्माण के लिए 9 लाख 98 हजार मिले हैं। धनेटा में ग्राम सभा के कक्ष हेतु 10 लाख, जबकि झलाण पंचायत के लिए 9 लाख 95 हजार जारी की है। अग्निहोत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले साढ़े तीन वर्षों में शानदार कार्य किया है। अर्बन डिवेलपमेंट के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी मौजूदा सरकार ने मील का पत्थर स्थापित किया है।

- **कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहा एक समान विकास**

उन्होंने कहा कि नादौन क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दिल खोलकर प्रदेश के खजाने की यहां बरसात की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन कार्यों की स्पीड को और तेज किया जाएगा। सड़क, पानी, बिजली और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नया अध्याय लिखा जाएगा। अग्निहोत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं की मजबूती के लिए सरकार उम्दा कार्य कर रही है। सभी पंचायतों को चरणबद्ध तरीके से तकनीकी तौर पर सुदृढ़ करने के लिए सरकार यत्नशील है। निकट भविष्य में सरकार की समस्त योजनाओं और लाभों की जानकारी के लिए पंचायत घरों में सुगम सहायता केंद्र खोले जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी सुविधाओं के लाभ उनके घर द्वार पर ही उपलब्ध हो सकें।

विजय अग्निहोत्री ने हथोल पंचायत में सुनीं लोगों की समस्याएं

नादौन। एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री ने हथोल पंचायत के बनोह गांव में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने गांव के नवगठित महिला मंडल को बधाई दी तथा सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अग्निहोत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र नादौन की विभिन्न पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के समय मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नादौन क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए हैं, जिनमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अन्य कार्यों पर निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि नादौन के विकास में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इसके उपरांत महिला मंडल अध्यक्षा अंजू बाला तथा उपाध्यक्ष अंजू कुमारी ने विजय अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया।

विधायक सुभाष ठाकुर ने वरिष्ठ पत्रकार जयकुमार किए सम्मानित

बिलासपुर। बिलासपुर में सदर विधायक सुभाष ठाकुर ने आपातकाल के समय 19 महीने जेल में रहे वरिष्ठ पत्रकार पंडित जयकुमार, पूर्व विधायक नरोत्तम दास शास्त्री की धर्म पत्नी प्रेमी देई, राजेंद्र हांडा के पुत्र विपुल हांडा से मिलकर उस समय का वृतांत उनके मुखाविंद से सुना और उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक सुभाष ठाकुर ने कहा कि 19 माह के बाद आपातकाल समाप्त होने पर धर्मशाला जेल से 21 जनवरी, 1977 को मुक्त करके बिलासपुर लाया गया। उन्होंने 1975 से 1977 तक लगाए गए आपातकाल के इतिहास पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र में 25 जून की तारीख ब्लैक-डे के नाम से याद की जाती है, क्योंकि इसी दिन साल 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल का ऐलान किया था। आज इमरजेंसी को 46 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में साल 1975 से लेकर 1977 तक देश में इमरजेंसी लगी थी और इस दौरान बहुत कुछ ऐसा हुआ था, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। **-हिमाचल दस्तक**

न्यूज फटाफट

लाडाघाट में 1.036 किलो ग्राम अफीम बरामद

बिलासपुर। खारसी पुलिस टीम ने वीरवार देर रात एक वैन चालक से गश्त के दौरान लाडाघाट के पास 1.036 किलो ग्राम अफीम बरामद की है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि लाडाघाट के पास खारसी पुलिस चौकी में तैनात पुलिस जवान राकेश कुमार, राजेश व रविंद कुमार की टीम लाडाघाट मोड के पास बठोह की से एक वैन को शक के आधार पर रोका। जब टीम ने वैन चालक मस्त राम निवासी भोजपुर की तलाशी ली, तो वैन के अंदर 1.036 किलो ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

लाडली फाउंडेशन घुमारवीं ब्लॉक उपाध्यक्ष नियक्त

बिलासपुर। लाडली फाउंडेशन के राज्य महासचिव बिलाल शाह ने राज्य अध्यक्ष शालू, जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा व जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट की सहमति से घुमारवीं के ग्राम पंचायत मैहरी काथला गांव परनाल नल्टी की मुस्कान को लाडली फाउंडेशन घुमारवीं ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया। गौरतलब है कि मुस्कान कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब एव लाड़ली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। लाडली फाउंडेशन कि नवनियुक्त घुमारवीं ब्लॉक उपाध्यक्ष मुस्कान का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगति न हो। कोई भी गरीब भूखा न सोए और कमजोर वर्ग को न्याय मिले इसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहती हैं।

सुंहाणी में किशोर स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

झंडूता। झंडुत्ता उपमंडल के तहत आने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र केंद्र सुंहाणी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से किशोर स्वास्थ्य दिवस पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन समाजसेविका विमला ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी झंडूता की ओर से खंड स्वास्थ्य शिक्षक रमेश चंदेल ने लगभग 60 किशोर किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था अति संवेदनशील तथा निर्माणाधीन घड़े की तरह है जिसे संजोना तथा संवारना न केवल परिवार बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अहम योगदान होगा। इस अवसर पर शर्मिला, शालिनी, उषा, सोनू, शबनम, मीना, साक्षी, कार्तिक, अंकित आदि किशोर नर्मदा, मीना, विमला, रेखा, प्रमिला व निशा आदि ने भी भाग लिया।

मंदिर खोलने के सरकार के निर्णय को सराहा

स्वारघाट। प्रदेश का विश्व विख्यात शक्तिपीठ नयना देवी मंदिर लगभग 70 दिनों के बाद एक जुलाई को खुलने जा रहा है। इसको लेकर एसओपी भाषा एवं संस्कृति विभाग के द्वारा बनाई जाएगी, जिसको लेकर स्थानीय दुकानदारों, पुजारी वर्ग और आसपास के लोगों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया है। हालांकि 23 अप्रैल नवरात्र की समाप्ति के बाद प्रदेश का यह शक्ति पीठ बंद हो गया था, जिस कारण शहर के सभी बाजार बंद हो गए थे। मंदिर बंद होने के कारण व्यापारी वर्ग को पिछले कई दिनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें **www.himachaldastak.com**
epaper.himachaldastak.com

कर्फ्यू में बिजली बिलों में जोड़ी गई लेट फीस को हटाए विभाग

नादौन। गत माह के विद्युत बिलों में लगाई गई लेट फीस को लेकर उपभोक्ताओं में काफी रोष है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गत माह कर्फ्यू की वजह से विभाग ने ऑनलाइन बिल जमा करवाने को कहा था, परंतु अधिकांश उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्हें या तो बिल ही नहीं मिले और यदि मिले भी हैं तो उन्हें ऑनलाइन बिल जमा करवाने की प्रक्रिया का ही पता नहीं है। इससे भी बड़ी बात यह है कि विभाग की साइट भी कभी-कभार ही चलती है। ऐसे में लोगों का कहना है कि पहले विभाग को अपनी व्यवस्था ठीक करनी चाहिए उसके बाद ही उपभोक्ताओं को लेट फीस लगानी चाहिए थी। उपभोक्ताओं का आदि का कहना है कि गत माह कई लोग कर्फ्यू के कारण ऑनलाइन बिल जमा नहीं करवा सके। परंतु वर्तमान माह में विभाग ने जो विद्युत बिल उपभोक्ताओं को थमाए हैं, उनमें गत माह के बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं का पिछला बकाया लेट फीस सहित जोड़ा गया है। विभाग एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि इस बारे विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा रहा है। उन्हें विभाग की ओर से जो भी निर्देश मिलेंगे उसी के तहत कार्रवाई होगी।

संत कबीर की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए : नीलम

हिमाचल दस्तक। बिलासपुर

बिलासपुर जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से गूगल मीट के माध्यम से जिला स्तरीय कबीर जयंती का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल ने की, जबकि संगोष्ठी का संचालन इंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर संगोष्ठी का शुभारंभ इंद्र सिंह द्वारा 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम, ऐसे हो हमारे कर्म, वंदना से किया। इसके उपरांत गोरखू राम शास्त्री ने 'बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। श्याम लाल शर्मा ने 'मानस जन्म दुर्लभ है कौड़ी-कौडी जोड़के लाख करोड़ कमाए। रामलाल पाठक ने पहाड़ी रचना कुनबा सेजे बड़ा जोड़ी गए, सेह जोरू खस्म हुई गए स्याणे। संदेश शर्मा ने चलती चक्की देख के दिया कबीरा रोए। जावेद ने- गुमनाम सा अंजान सा, बारह लगता इंसान सा। अरुण रितू ने जी हां माली हूं मैं कई पौधे लगाए, उनमें फूल भी आए। प्रतिभा शर्मा ने - सब सच देखें औ कबीरं बनें, हिन्दु मुस्लिम न वीर बने। जसबन्त सिंह चंदेल ने - जैसा भोजन खाईए वैसा ही मन होए, जैसा पानी पीजिए वैसी बाणी होए कबीरा। मीना ने-ख्याल रहे शीर्षक से रचना प्रस्तुत की पंक्तियां थीं-दो युगों के मेल को, परिवर्तन के अदभुत खेल को वक्त के बढ़ते बहाव को,परमार्थ से स्वार्थ के बदलाव को। जसबन्त धीमान ने - धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होए, माली सींचे सौ घड़ा ऋतु आए फल होए। डॉ प्रशान्त आचार्य ने- सन्त कबीर पर दोहे व समीक्षा प्रस्तुत की। सुरजीत दुर्वाशा ने- रहना नहीं देश बेगाना है। अमर नाथ धीमान ने- उनकी बेबाक बेरूखी पर हमारे होश गुम हो गए। सोनु देवी ने -सांई इतना दीजिए, ताम्मे कुटुम्ब समाए, मैं भी भूखा न रहूं साधू न भूखा जाए। वंदना ठाकुर ने कबीर के दोहे-ऐसी बाणी बोलिए मन का आपा न खोए। इस मौके पर ज़िला भाषा अधिकारी नीलम चंदल ने सभी साहित्यकारों का ऑन लाईन संगोष्ठी में जुडने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संत कबीर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें संत कबीर की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए । उन्होनें समस्त प्राणियों को आपस में प्यार से रहने की सीख दी है।

- **बिलासपुर में कबीर जयंती पर संगोष्ठी का किया आयोजन**

ठाकुर रघुवीर सिंह ने 150 लीटर सेनेटाइजर किया भेंट

नादौन। कोरोना की दूसरी लहर में जहां जनता का जीना मुश्किल हुआ है, वहीं देश की अर्थव्यवस्था भी तहस-नहस हुई है। वहीं भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व चेयरमैन ठाकुर रघुवीर सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आम जनता की सेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने कांगड़ा बैंक के पूर्व निदेशक जैद नाथ शर्मा को 150 लीटर सेनेटाइजर गलोड़ के मुख्य बाजार को नियमित रूप से सेनेटाइज करने के लिए तथा कोरोना से बचाव हेतु राहत सामग्री की 20 किट क्षेत्र की आम जनता को बांटने के लिए सौंपी। इसके साथ ही पूर्व जिला परिषद सदस्य आशा शर्मा को 20 किट कोरोना से बचाव की हड़ेटा क्षेत्र में आवंटन हेतु प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा नेता व समाजसेवी दीना नाथ शर्मा व पन्याली से बीडीसी सदस्य सुनील कुमार उपस्थित रहे।

कांगू बाजार की सड़क को पक्का करने और नालियां बनाने की उठाई मांग

कांगू। लोक निर्माण विभाग सब डिविजन धनेटा के अंतर्गत सेक्शन कांगू के बाजार कांगू की हालत इतनी दयनीय है कि सड़क के दोनों ओर कच्ची जगह होने के चलते लोगों व दुकानदारों को कई बार खामयाजा भुगतना पडता है। कई बार तो सड़क के दोनों ओर की कच्ची जगह में पड़े पत्थर दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं। लोगों ने सड़क की दोनों ओर की कच्ची जगह को पक्का करवाने की मांग करते हुए कहा है कि सड़क की दोनों ओर कच्चा होने की वजह से पास देती बार दोपहिया वाहन गिर जाते हैं या फिर पैदल चलने वाले बुजुर्गों महिलाओं व बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय दुकानदारों कांगू बाजार सड़क को दोनों ओर की कच्ची जगह को पक्का करवाने की मांग संबधित विभाग से उठाई है परंतु आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई और समस्या ज्योंकि ज्यों बनी हुई है। लोग इस समस्या को लेकर कई बार प्रदेश भाजपा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान में एचआरटीसी उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री से मिल चुके हैं लेकिन कोई भी ठोस कार्रवाई आज तक स्थानीय बाजार कांगू के दुकानदारों के हित में नहीं की गई। जिसके चलते प्रदेश सरकार व विभाग के प्रति लोगों में भारी रोष है। स्थानीय बाजार कांगू के दुकानदारों ने कांगू बाजार की सड़क के दोनों ओर की साईड को पक्का करने की मांग की है।

न्यूज फटाफट

एनआईटी के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का उद्घाटन कल

हमीरपुर। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामले राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर 27 जून को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का उदघाटन करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार अनुराग ठाकुर रविवार सुबह धर्मशाला से हमीरपुर पहुंचेंगे और लगभग 11 बजे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के परिसर में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस समारोह के बाद अनुराग ठाकुर हमीरपुर के परिधि गृह में जनसमस्याएं सुनेंगे। सोमवार सुबह वह दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

एक जुलाई से पहले बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

हमीरपुर। विद्युत उपमंडल लंबलू के उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल एक जुलाई से पहले जमा करवाने होंगे। बिजली बोर्ड लिमिटेड के सहायक अभियंता ने कहा कि उपमंडल के जिन उपभोक्ताओं ने अपने बिल जमा नहीं करवाए हैं, वह इन्हें एक जुलाई से पहले जमा करवा दें। इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

रैपिड एंटीजन टेस्ट में 5 लोग कोरोना पॉजिटिव

हमीरपुर। जिला में शुक्रवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट में 5 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार को जिला में रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए कुल 1566 सैंपल लिए गए, जिनमें से केवल 5 पॉजीटिव निकले। डॉ. अग्निहोत्री ने बताया कि दंगड़ी क्षेत्र के गांव चील बहल में 62 वर्षीय व्यक्ति, नादौन के कुहाला क्षेत्र के गांव मसरूर में 46 वर्षीय महिला, बिलासपुर जिले की झंडूता तहसील के गांव भरोटी खुर्द का 29 वर्षीय व्यक्ति, हाउसिंग बोर्ड कालोनी हमीरपुर का 28 वर्षीय युवक और महल क्षेत्र के गांव चुजनी की 35 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है।

नीरज ठाकुर ने बांटे मास्क व सेनेटाइजर

हमीरपुर। समाज सेवा एक दिन का काम नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली क्रिया है। जिस तरह से पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से देश में कोरोना के बादल देश के ऊपर छाए हैं, संकट के इस दौर में समाजसेवी व जिला कांग्रेस महासचिव नीरज ठाकुर दिन-रात लोगों की किसी न किसी रूप में मदद करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को नीरज ठाकुर ने हमीरपुर विधानसभा सभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ब्राह्लड़ी के गांव कीडी, डूडान व अन्य गांवों में मास्क व सेनेटाइजर वितरित किए। नीरज ठाकुर विगत कई सालों से समाज सेवा से जुड़े हुए हैं और लोगों की किसी न किसी रूप में मदद करते हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव नीरज ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कोरोना महामारी के इस दूसरे दौर में सभी को खुली छूट देने का फैसला हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि एक तरफजहां स्वास्थ्य विशेषज्ञ देश में संभावित कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंतित हैं, वहीं प्रदेश सरकार इसको लेकर पूरी तरह से बेपरवाह नजर आ रही है।

मेहनत गाय के गोबर से तैयार कर रहे धूप निर्माण सामग्री

किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बने वचित्र सिंह

हिमाचल दस्तक। बिलासपुर

कसोल निवासी वचित्र सिंह प्रदेश के अग्रणी किसानों में से एक हैं, जिन्होंने न केवल प्राकृतिक खेती कर लोगों को रसायन मुक्त सब्जियां देने का काम किया, बल्कि गाय के गोबर से धूप का निर्माण कर अपनी आमदनी को भी दोगुना किया है, जिस कारण वचित्र सिंह अन्य किसानों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने हैं। जी हां झांसी स्थित सुभाष पालेकर नेचुरल फर्मिंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वचित्र सिंह ने प्राकृतिक खेती को अपनाया और अपनी 12 बीघा जमीन पर सूरजमुखी, तिलहन, मक्की, सोयाबीन, अश्वगंधा, तुलसी व ड्रम सटीक सहित कई तरह की सब्जियां लगाई हैं, जिसकी विक्री गांव में हो रही है। 28 वर्ष तक सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में बतौर गणित के अध्यापक रह चुके वचित्र सिंह ने प्राकृतिक खेती में कदम रखते ही अपनी नौकरी छोड़ दी और अपना पूरा समय जीरो बजट खेती पर लगाया। अपनी पालतू साहीवाल नस्ल की गाय के गोबर से धूपबत्ती का निर्माण कर गांव में बेचना शुरू कर दिया जिसकी डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। वचित्र सिंह ने कहा कि कोरोनाकाल में डॉक्टर्स व हेल्थ विशेषज्ञों द्वारा इम्युनिटी स्ट्रांग पर बल दिया गया है तो ऐसे में प्राकृतिक खेती के जरिये उगाई जाने वाली सब्जियां, अनाज व औषधीय पौधे बीमारियों को दूर करने में कारगर सिद्ध हो रहे है। ऐसे में प्रदेश के किसानों को रासायनिक खेती को छोड़ जीरो बजट खेती को अपनाना चाहिए और गाय के गोबर व मलमूत्र का इस्तेमाल कर जीवा अमृत, घना अमृत का छिड़काव अपने खेतों में करना चाहिए।

- **प्राकृतिक खेती शुरु करते ही छोड़ी नौकरी**
- **12 बीघा जमीन पर उगाई हैं सब्जियां**

कसोल गांव के विचित्र सिंह द्वारा जीरो बजट खेती के तहत गाय के गोबर से तैयार धूप व अन्य सामग्री।

साथ ही उन्होंने ग्रामीण इलाकों में बसी युवा पीढ़ी को रोजगार के लिए दूर शहरों में भटकने के बजाय प्राकृतिक खेती को अपनाकर जहर मुक्त खेती कर घर पर ही स्वरोजगार के अवसर पैदा करने चाहिए। गौरतलब है कि वचित्र सिंह कसोल सहित आस-पास के गांव के लोगों को समय-समय पर प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का काम करते है, वहीं उन्होंने जीरो बजट खेती को बढ़ावा देने के लिए मॉडल फार्म शुरू कर लगभग 25 लोगों को अपने साथ जोड़ने का काम किया है।

भूतपूर्व सैनिक कैंटीन कार्ड को पैन नंबर से जल्द करवाएं लिंक

हमीरपुर। आरट्रैक पूर्व सैनिक कैंटीन हमीरपुर के मैनेजर लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश ठाकुर ने कहा कि जिन भूतपूर्व सैनिकों ने अपने कैंटीन के कार्ड पैन नंबर से लिंक नहीं करवाएं हैं, वह इन्हें जल्दी लिंक करवा दें। इसके अलावा कार्ड रिन्यू करने के लिए डिस्चार्ज बुक और पीपीओ की फोटोस्टेट कॉपी भी साथ लाएं। लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश ठाकुर ने कहा कि कैंटीन का सामान कार्डधारक को ही दिया जाएगा। अगर किसी कार्डधारक को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी है या अधिक उम्र के कारण कैंटीन तक आने में असमर्थ हैं तो वह अपने रिश्तेदार का अथॉरिटी पत्र बनवाकर सामान ले सकते हैं। अथॉरिटी पत्र के बगैर किसी अन्य व्यक्ति को सामान नहीं दिया जाएगा। अगर किसी पूर्व सैनिक या उनके आश्रित के कार्ड की अवधि 3-4 महीनों में खत्म होने जा रही है तो वह भी नया कार्ड बनवा लें। इसके लिए पुराना कार्ड जमा नहीं होगा तथा नया कार्ड आने तक पुराने कार्ड से सामान मिलता रहेगा। लेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व सैनिक मास्क पहनकर ही कैंटीन में सामान लेने आएं। मास्क के बगैर किसी को भी कैंटीन में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

सीटू का 10 सदस्य प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल को सौंपेगा ज्ञापन

हमीरपुर। सीटू जिला हमीरपुर इकाई का दस सदस्य प्रतिनिधिमंडल आज शिमला में मजदूरों की मांगों को लेकर और किसान आंदोलन को समर्थन देने के लिए शिमला के लिए रवाना होगा। पूरे प्रदेश के जिला भर से सीटू और किसान सभा के प्रतिनिधि राज भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे और सीटू और किसान सभा राज्यपाल को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगा।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975-272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष हेतु समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31.03.2021	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2020
1.	प्रचालनों से कुल आय	23,917	18,925	71,073	76,019
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(14,772)	(29,563)	(45,909)	(42,981)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(10,587)	(19,217)	(30,712)	(27,940)
4.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल]	(10,586)	(19,208)	(30,686)	(27,841)
5	संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त			1,09,403	1,46,372
6.	प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक)	22,192	22,192	22,192	22,192
7.	प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत)				
	मूलभूत (रु. में)	(4.77)	(8.66)	(13.84)	(12.59)
	तरल (रु. में)	(4.77)	(8.66)	(13.84)	(12.59)

टिप्पणीयाँ:

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा 25 जून 2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही एवं वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अंकेक्षित तिमाही एवं वार्षिक एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारी है : (रुपये लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31.03.2021	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2020
1.	प्रचालनों से कुल आय	15,157	13,299	50,405	52,768
2.	कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(8,212)	(26,003)	(30,669)	(34,889)
3.	कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	(5,338)	(16,961)	(19,580)	(22,712)

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/–
देवांश जैन
निदेशक

तिथिः 25 जून, 2021